## महापौर को गणेश बाबा अवार्ड



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव को गणेश बाबा अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें ताराचंद दादा बालिका रेसलिंग सेंटर पर दिया गया। रमेश मिस्त्री पहलवान ने बताया कि बालिका दिवस के मौके पर महापौर के साथ एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया को भी सम्मानित किया। यहां संबोधित करते हुए महापौर भार्गव ने कहा कि आप अपने लक्ष्य को केंद्र बिंदु बनाकर परिश्रम करते चलते जाओ तुम्हें सफलता अवश्य मिलेगी। रेसलिंग अभ्यास कर रही बालिकाओं की तकनीक देखकर ओलिंपिक का पौधा तैयार हो रहा है। बचपन से ही ओलिंपिक की तैयारी करेंगे तो जरूर सफलता मिलेगी। इंदौर के कसेरा बाजार निकेतन में अध्ययनरत देविका पाल (मिस्त्री) की रेसलिंग, शस्त्र कला तकनीक को देखकर काफी उत्साहित हुए।

माघ मकरगत रबि जब होई। तीरथपतिहिं आव सब कोई।।
देव दनुज किंनर नर श्रेनीं। सादर मज्जहिं सकल त्रिबेनीं।।
|| मानस महाकुंभ || Ram Katha 950-✲Prayagraj || मोरारी बापू ||


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 191 | इंदौर, शनिवार 25 जनवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


# महिला अपराधों में दोषसिद्धि दर चिंताजनक

## एमपी में 75% मामलों में पीड़िताएं बदल रहीं बयान, पुलिस की हो रही फजीहत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल, एजेंसी। महिलाओं के प्रति अपराध के मामले तो हमें आए दिन देखने, सुनने और पढ़ने को मिलते हैं। लेकिन इन मामलों में दोषसिद्धि का प्रतिशत बहुत कम सामने आ रहा है। अक्सर देखने में आ रहा है कि करीब 75 प्रतिशत मामलों में कोर्ट में पीड़िताएं बयान बदल लेती हैं। ऐसे में इन मामलों में आरोपी बच निकलते हैं। गृह विभाग की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि पीड़िताओं किसी दबाव में लाकर उनके बयान में बदलाव कर लिया जाता है। वहीं साक्ष्य संकलन की कमजोरियां और विवेचना में देरी के चलते भी पीड़िताओं को न्याय नहीं मिल पा रहा है। इनमें दुर्व्यवहार और जान लेने से लेकर एसिड अटैक और दहेज प्रताड़ना जैसे गंभीर मामले शामिल हैं।



### रिपोर्ट में हुआ खुलासा

रिपोर्ट के अनुसार साल 2023 में गंभीर महिला अपराधों के संबंध में 7048 मामलों पर जिला एवं सत्र न्यायालयों में निर्णय हुआ है। इन मामलों में से मात्र 1477 मामलों में ही सजा हो पाई, जबकि 5571 में आरोपित बरी हो गए। सजा की दर देखी जाए तो कुल 21 प्रतिशत मामलों में ही सजा हो पाई है। वहीं वर्ष 2024 में जनवरी से सितंबर के बीच का समय देखें तो पता चलता है कि कोर्ट ने 4357 प्रकरणों में निर्णय दिया, लेकिन सिर्फ 835 प्रकरणों में ही सजा हुई। जबकि 3522 मामलों में आरोपी बच निकले।

### इसलिए भी हो जाती है न्याय मिलने में देरी

देखा जाए तो 19 प्रतिशत में ही दंड मिला। विशेषज्ञों का दावा है कि महिला अपराधों में सजा की दर कम होने के साथ ही सरकारी प्रक्रिया में ढिलाई के चलते न्याय मिलने में भी देरी हो रही है। उधर प्रदेश पुलिस में लगभग 25 हजार विवेचना अधिकारी हैं, जबकि प्रदेश में लगभग पांच लाख अपराध प्रतिवर्ष कायम हो रहे हैं। जिनमें से 30 हजार से अधिक अपराध महिलाओं के विरुद्ध होते हैं।

### बड़ी संख्या में डीएनए सैंपलों की जांच अटकी

राज्य में पुलिस का स्वीकृत बल एक लाख 26 हजार का है, जबकि पदस्थ मात्र एक लाख ही हैं। वहीं, विवेचना का अधिकार प्रधान आरक्षक या ऊपर के पुलिसकर्मी को रहता है। सूत्रों का दावा है कि प्रदेश की विभिन्न लैब में चार हजार से अधिक डीएनए सैंपलों की जांच अटकी है।

## मप्र के इन 17 शहरों में नहीं मिलेगी शराब, सीएम यादव बोले-

# धीरे-धीरे शराबबंदी की दिशा में पहला कदम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**महेश्वर, एजेंसी। मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार ने बड़ा फैसला करते हुए राज्य के प्रमुख धार्मिक स्थलों में पूर्ण शराबबंदी का फैसला किया है। सीएम यादव ने बताया कि बंद होने वाली इन दुकानों को दूसरी जगह शिफ्ट भी नहीं किया जाएगा, साथ ही उन्होंने इसे पूरे प्रदेश में धीरे-धीरे शराब बंदी की दिशा में उठाया गया पहला कदम बताया।**

यह फैसला शुक्रवार को धार्मिक नगरी महेश्वर में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। बैठक में कई अन्य महत्वपूर्ण फैसले भी हुए।

इस बारे में जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, 'हमने तय किया



कि धीरे-धीरे करके राज्य आगे जाकर शराबबंदी की तरफ आगे बढ़े, इसके लिए हमने प्रथम चरण में 17 धार्मिक नगरों में शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है।'

उन्होंने कहा, 'हम प्रदेश के जो अलग-अलग प्रकार के धार्मिक नगर हैं, उन नगरों से जिनमें नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषद और नगर पंचायत शामिल हैं, इनके अंदर शराब की दुकानें बंद कराएंगे और इन दुकानों को दूसरी जगह शिफ्ट भी नहीं करेंगे। ये हमेशा के लिए बंद कराने का हमने निर्णय लिया है।'

सीएम यादव ने बताया कि इन 17 धार्मिक नगरों में 1 नगर निगम, 6 नगर पालिका, 6 नगर परिषद और 6 ग्राम पंचायत हैं।

### इन स्थानों पर नहीं मिलेगी शराब

मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन नगर निगम के अलावा दतिया नगर पालिका, पन्ना नगर पालिका, मंडला नगर पालिका, मुलताई नगर पालिका, मंदसौर नगर पालिका, मैहर माता जी का स्थान है।

इसके अलावा ओंकारेश्वर नगर परिषद, महेश्वर नगर परिषद, मंडलेश्वर नगर परिषद, ओरछा नगर परिषद, चित्रकूट और अमरकंटक नगर परिषद क्षेत्रों में भी शराब दुकानें बंद रहेंगी।

इसके अलावा सलकनपुर ग्राम पंचायत जहां माता का मंदिर है, बरमान कला लिंगा ग्राम पंचायत, बरमान खुर्द ग्राम पंचायत, प्रसिद्ध जैन तीर्थ कुंडलपुर ग्राम पंचायत और बांधकपुर ग्राम पंचायत में स्थित शराब दुकानें भी बंद होंगी।

साथ ही सीएम ने कहा कि इसके अलावा नर्मदा तट के दोनों तरफ के 5 किमी के दायरे में शराबबंदी की मौजूदा नीति में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### विशेष परिस्थितियों में मंत्री कर सकेंगे ट्रांसफर

मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रिपरिषद ने यह भी तय किया है कि अब विशेष परिस्थितियों में राज्य के मंत्री अपने विभाग के हित में तबादले भी कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि नई तबादला नीति अभी आना शेष है, लेकिन परिस्थिति विशेष के लिए अभी निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि इसी तरह राज्य में महिलाओं के हित में भी अनेक निर्णय लिए गए हैं। राज्य में विकास की योजनाओं संबंधी भी अनेक महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंत्रिपरिषद ने स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने इस अवसर पर देवी अहिल्याबाई होल्कर का भी स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया।

# ट्रैफिक सुधार के लिए व्यापारी उतरे मैदान में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के शीतला माता बाजार में लंबे समय से बनी ट्रैफिक समस्या को हल करने के लिए व्यापारियों ने एकजुट होकर कदम उठाए हैं। व्यापारियों ने निश्चय किया है कि वे अपनी और अपने स्टाफ की गाड़ियां पार्किंग में खड़ी करेंगे, जिससे ग्राहकों के लिए दुकानों के बाहर जगह खाली रहे।**



इसके साथ ही व्यापारियों ने ट्रैफिक एसीपी से मुलाकात कर बाजार में ई-रिक्शा, रिक्शा और ठेलों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की है। शीतला माता बाजार शहर के प्रमुख कपड़ा मार्केट्स में से एक है, जहां लगभग 450 कपड़े की दुकानें हैं। इन दुकानों पर काम करने वाले स्टाफ और व्यापारियों की गाड़ियां अक्सर दुकानों के बाहर खड़ी हो जाती हैं, जिससे ग्राहकों को अपनी गाड़ियां खड़ी करने में समस्या होती है। स्थिति और गंभीर तब हो जाती है जब बाजार में ई-रिक्शा, रिक्शा और ठेले भी आ जाते हैं। व्यापारियों ने बताया कि जवाहर मार्ग को चार पहिया वाहनों के लिए वन-वे बनाए जाने के बाद से इस मार्ग पर यातायात का दबाव बढ़ गया है, जिससे बाजार में प्रतिदिन जाम की स्थिति बनती है। शहर के शीतला माता बाजार की ट्रैफिक समस्या को दूर करने के लिए श्री शीतला माता बाजार व्यापारी एसोसिएशन सक्रिय हो गया है। गुरुवार को एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ट्रैफिक एसीपी सुप्रिया चौधरी और ट्रैफिक टीआई पश्चिम अर्जुन सिंह पंवार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बाजार की ट्रैफिक समस्याओं को साझा किया और समाधान के लिए सुझाव देते हुए कुछ ठोस निर्णय लिए। एसोसिएशन ने ट्रैफिक समस्या के समाधान के लिए यशवंतगंज स्थित नगर निगम की मल्टी लेवल पार्किंग का उपयोग करने का निर्णय लिया है। व्यापारियों और उनके स्टाफ को प्रेरित किया जाएगा कि वे अपनी गाड़ियां पार्किंग में खड़ी करें। इससे दुकानों के बाहर ग्राहकों को वाहन खड़ा करने की जगह मिलेगी। इसके अलावा, एसोसिएशन ने ट्रैफिक पुलिस से मांग की है कि बाजार में ई-रिक्शा, रिक्शा और ठेलों के प्रवेश पर समय-सीमा तय की जाए। एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमा पंजवानी, महामंत्री अतुल नीमा, मंत्री वीरेंद्र बड़जात्या और प्रचार मंत्री राधाकिशन अशपालिया सहित कई व्यापारियों ने पुलिस अधिकारियों से चर्चा की। पदाधिकारियों का कहना है कि ई-रिक्शा और रिक्शा को लेकर ट्रैफिक पुलिस आवश्यक निर्णय करेगी, जबकि ठेले वालों को लेकर नगर निगम से चर्चा की जाएगी।

## गणतंत्र दिवस पर तिरंगे की बिक्री शुरू



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** गणतंत्र दिवस की तैयारियों के बीच इंदौर में तिरंगे की बिक्री जोरों पर है। इस वर्ष युवाओं में तिरंगा खरीदने का विशेष उत्साह देखा जा रहा है, हालांकि पिछले साल की तुलना में ग्राहकी कम है। 'हर घर तिरंगा' अभियान के कारण पिछले साल बिक्री में जबरदस्त उछाल आया था।

बाजार में विभिन्न प्रकार और कीमतों के तिरंगे उपलब्ध हैं। खादी के तिरंगे 100 से 550 रुपए, साटन के तिरंगे 10 से 50 रुपए और कपड़े के तिरंगे 1 से 5 रुपए तक बिक रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए प्लास्टिक के झंडों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है।

कृष्णपुराछत्री के व्यापारी अभिषेक पहाड़िया के अनुसार, अधिकांश तिरंगे गुजरात के अहमदाबाद और सूरत में बनाए जाते हैं। दुकानों में 60x90 आकार का सबसे बड़ा तिरंगा उपलब्ध है। इसके अलावा, तिरंगे के स्टीकर, जय श्री राम लिखे गमछे और रिस्ट बैंड भी अच्छी संख्या में बिक रहे हैं। टोपी 5 से 100 रुपए तक और गले की पट्टी 5 से 10 रुपए तक उपलब्ध है। ग्राहक अपनी क्षमता के अनुसार सामान खरीद रहे हैं।

गणतंत्र दिवस की भव्य तैयारी

## कलेक्टर ने नेहरू स्टेडियम पहुंचकर लिया जायजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह 26 जनवरी, रविवार को सुबह 9 बजे नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ध्वजारोहण करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। शुक्रवार को कलेक्टर आशीष सिंह ने नेहरू स्टेडियम पहुंचकर तैयारियों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी तैयारियां राष्ट्रीय पर्व की गरिमा के अनुरूप की जाएं।**



शुक्रवार सुबह नेहरू स्टेडियम में समारोह का फाइनल रिहर्सल भी हुआ। इस दौरान विभिन्न प्लाटूनों ने परेड का अभ्यास किया और बैंड की धुन पर कदम ताल मिलाते हुए परेड का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का पूर्वाभ्यास भी किया गया। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, नगर निगम कमिश्नर शिवम वर्मा, अपर कलेक्टर रोशन राय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

समारोह में परेड के साथ विभिन्न विभागों द्वारा राज्य शासन की योजनाओं, कार्यक्रमों और उपलब्धियों पर आधारित झांकियां निकाली जाएंगी। परेड का नेतृत्व परेड कमांडर आईपीएस आदित्य सिंघानिया करेंगे। उनका अनुकरण टूआईसी सुबेदार पूजा पाटीदार करेंगी। परेड में सीमा सुरक्षा बल (सशस्त्र), आरएपीटीसी, प्रथम वाहिनी विशेष सशस्त्र बल (प्रथम बटालियन), 15वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस (पुरुष) जिला पुलिस बल (महिला) जिला होमगार्ड सशस्त्र, जिला यातायात पुलिस बल, वन विभाग, एनसीसी, शौर्य दल, स्काउट, गाइड, रेडक्रॉस और सृजन दल आदि प्लाटून शामिल होंगे। साथ ही बैंड भी परेड में शामिल रहेगा। मुख्य कार्यक्रम 9 बजे शुरू होगा। मुख्यमंत्री परेड की सलामी लेंगे। विभिन्न प्लाटून आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत करेंगे। स्कूली बच्चे देश भक्ति गीतों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देंगे। मुख्य अतिथि जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों और संस्थाओं को पुरस्कृत भी करेंगे।

## निबंध प्रतियोगिता में इंदौर के रजनीश त्रिपाठी को मिला प्रथम स्थान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी के उपलक्ष्य में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालय स्तर पर आयोजित विद्यार्थियों की निबंध प्रतियोगिता में शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय इंदौर के विद्यार्थी रजनीश त्रिपाठी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इन्हें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर 25 जनवरी को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इन्टरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित पुरस्कार समारोह में आमंत्रित किया गया है। यहां इन्हें प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार राशि प्रदाय की जायेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने रजनीश त्रिपाठी को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

## इंदौर में हो कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना

### मंत्री श्री सिलावट ने इंदौर में कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सौंपा माँग पत्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने इंदौर में कृषि महाविद्यालय की स्थापना की स्वीकृति प्रदान करने के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को मांग पत्र सौंपा। मंत्री श्री सिलावट ने कहा है कि मालवा निमाड़ मध्य प्रदेश में उन्नत कृषि का केंद्र है। यहाँ के किसान उन्नत खेती करते हैं और नवाचारों को अपनाने में अग्रणी रहते हैं। ऐसे में कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना से समूचे मालवा निमाड़ क्षेत्र में उन्नत कृषि को एक नया आधार मिलेगा। मंत्री श्री सिलावट ने आज महेश्वर में कैबिनेट की बैठक के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से इस संबंध में चर्चा की और माँग पत्र सौंपा।**

मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि इंदौर में देश के मेट्रो शहरों की तर्ज पर तेजी से विकास हो रहा है। इंदौर मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी के साथ-साथ शैक्षणिक राजधानी के रूप में भी जाना जाता है। इंदौर मध्यभारत का शिक्षा के सबसे बड़े केन्द्र के रूप में उभर रहा है। इंदौर देश का एकमात्र ऐसा शहर है, जहां आईआईएम एवं आईआईटी दोनों संस्थान हैं। इंदौर में कृषि कॉलेज एवं कृषि संबंधित विषयों के कई शैक्षणिक संस्थान है, जहां मध्यप्रदेश के मालवा-निमाड़ एवं आसपास के क्षेत्र के छात्र-छात्राएं कृषि क्षेत्र की तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने आते हैं। इंदौर में संचालित कृषि महाविद्यालय वर्तमान में राजमाता कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर के अंतर्गत आता है। जिससे इंदौर एवं आसपास के क्षेत्र में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को शैक्षणिक कार्य हेतु अधिक दूरी तय कर ग्वालियर आवागमन करने एवं अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उपरोक्त तथ्यों और छात्रहित को ध्यान में रखते हुए इंदौर में कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की जाना अत्यंत आवश्यक है। मंत्री श्री सिलावट ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से इंदौर में कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया।

## आज मनाया जाएगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस

### जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्टर कार्यालय में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार इन्दौर जिले में राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को मनाया जाएगा। इसके तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष क्रमांक 210 में सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईएएस अशोक भार्गव होंगे। कार्यक्रम में 18 वर्ष के नवीन युवा मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र वितरित किये जाएंगे। इसके साथ ही महाविद्यालय स्तर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र तथा चिन्हित बीएलओ/स्वीप गतिविधि के तहत प्रशस्ति पत्र का वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर मतदाता दिवस की शपथ भी दिलायी जायेगी। कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग के संदेश का वाचन किया जायेगा।

# एप्पल कंपनी की लाखों की एसेसरीज पकड़ी

## अहमदाबाद की कंपनी ने पुलिस के साथ डाली रेड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के भंवरकुआ इलाके में अहमदाबाद की एक कंपनी ने पांच बड़े मोबाइल शॉप पर छापा मारा, जो एप्पल कंपनी के नकली प्रोडक्ट्स को असली बताकर बेच रहे थे। इन शॉप्स से लाखों रुपए की सैकड़ों एसेसरीज बरामद की गईं। इस कार्रवाई में कंपनी और पुलिस की टीम ने मिलकर रेड की थी।**

भंवरकुआ पुलिस के अनुसार, विशाल जडेजा, निवासी मधुकुंज सोसाइटी, गुजरात की शिकायत पर पुलिस ने अमित बागजई, उत्तमसिंह चौहान, किशन पंजवानी, रीतिक



वाधवानी और निकेश गौतम के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत केस दर्ज किया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। विशाल जडेजा ने बताया कि वह 'ग्रिफिन एनटेलीएक्चुअर प्रॉप्रर्टी' नामक कंपनी में मैनेजर हैं, जो एप्पल के लिए अधिकृत है और नकली एसेसरीज की पकड़-धकड़ का काम करती है।

विशाल को जानकारी मिली थी कि भोलाराम मार्ग, जो एजुकेशन हब के रूप में जाना जाता है, वहां पर 5 शॉप्स में नकली एसेसरीज बेची जा रही थीं। पहले अमित बागजई की शॉप पर छापा मारा गया, जहां से 206 मोबाइल कवर, मोबाइल एडाप्टर और डाटा केबल जब्त किए गए। इसके बाद उत्तम सिंह चौहान की दुकान से 170 मोबाइल कवर, इयर पाटर्स और अन्य एसेसरीज जब्त की गईं। किशन पंजवानी की 'कल्याण कलेक्शन' से 290 मोबाइल कवर और ईयर बड्स बरामद हुए।

रीतिक वाधवानी की 'ए टू जेड कलेक्शन' से 157 मोबाइल कवर, 2 ईयर पाटर्स, 1 डाटा केबल और ईयर बड्स जब्त किए गए। अंत में, निकेश गौतम की शॉप से 126 मोबाइल कवर, 4 एडाप्टर और 6 डाटा केबल जब्त किए गए। सभी शॉप मालिकों को थाने लाकर उनके खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## निजी कंपनी की युवती से छेड़छाड़, केस दर्ज कराया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** राउ क्षेत्र में एक निजी कंपनी में काम करने वाली युवती से छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। युवती ने इस मामले में कंपनी में काम करने वाले अर्जुन उइंके के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार, यह घटना बायपास पर स्थित एक निजी कंपनी में हुई। युवती ने बताया कि अर्जुन उसे कंपनी से आते-जाते हुए पीछा करता था। एक रात जब युवती कंपनी से छुट्टी लेकर बाहर निकली, तो अर्जुन ने उसे रोककर कहा कि वह उसे डेट करना चाहता है और पसंद करता है। युवती ने उसे इस तरह की बातें करने से मना किया और कहा कि वह तुरंत वहां से चले जाए। इसके बावजूद, अर्जुन ने उसे घर तक पीछा किया। इसके बाद युवती ने अपने सीनियर को कॉल करके इस बारे में जानकारी दी और बताया कि अर्जुन काफी समय से उसे परेशान कर रहा है। इसके बाद युवती ने परिवार से बात की और थाने जाकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया। पुलिस ने अर्जुन उइंके के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

## मेडिकल संचालक और भाई पर हमला

### उधारी के पैसे मांगने पर बदमाशों ने चाकू से किया वार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। खजराना में एक मेडिकल दुकान संचालक और उसके भाई पर दो सगे भाइयों ने चाकू से हमला कर दिया। यह घटना उधारी को लेकर हुए विवाद के बाद हुई।**

पुलिस के अनुसार, अमान नामक युवक का जल्ला कॉलोनी रोड पर मेडिकल दुकान है। यहां एक आरोपी अफसर का ससुराल है, और अफसर कई बार उधारी में दवाइयां ले चुका था। गुरुवार को अफसर के भाई शाहिद ने अमान से मिलने का समय मांगा। अमान ने उसे दुकान पर बुलाया, और शाहिद के साथ अफसर भी वहां पहुंचे। अफसर ने अमान से दवाइयों के पैसे मांगने पर गुस्सा जताया, और अमान ने कहा कि 2200 रुपए उधारी हैं, जो अगर दिए जाएं तो वह पैसे नहीं मांगेगा। इस पर शाहिद ने अपशब्द कहे और दुकान से बाहर जाने के लिए कहा। तभी, अफसर ने चाकू निकाला और अमान के कंधे, पैर और शरीर के अन्य हिस्सों पर वार किए। बुरहान को भी चाकू से हमला किया गया। आसपास के लोग उन्हें पकड़ने की कोशिश करने लगे, लेकिन दोनों आरोपी चाकू लहराते हुए मौके से भाग गए। पुलिस ने जानलेवा हमले का मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश जारी है।



## सड़क हादसे में कर्मचारी की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कनाडिया इलाके में एक सड़क हादसे में निजी कंपनी में काम करने वाले सतीश मिश्रा (30) की मौत हो गई, जबकि उनके दोस्त मनोज यादव घायल हो गए। यह हादसा बंगाली चौराहे पर हुआ, जब उनकी बाइक को एक वैन ने टक्कर मार दी। कनाडिया पुलिस के अनुसार, सतीश और मनोज को हादसे के बाद पैर और सिर में हल्की चोटें आई थीं। दोनों प्राथमिक उपचार के लिए मयूर अस्पताल गए और इलाज के बाद घर लौट आए। लेकिन दोपहर में सतीश के पैर में तेज दर्द हुआ। परिजन उन्हें एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां रात में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सतीश के परिवार में उनकी पत्नी, 10 साल का बेटा, छोटा भाई शुभम और मां हैं। उनके पिता का पहले ही निधन हो चुका है। पुलिस ने बताया कि टक्कर मारने वाली वैन का अब तक पता नहीं चल पाया है और मामले की जांच जारी है।

## बायपास पर मिला शव, हत्या की आशंका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कनाडिया बायपास पर शुक्रवार को एक व्यक्ति का खून से सना हुआ शव पड़ा मिला। सूचना के बाद यहां पुलिस की टीम पहुंची है। मृतक के सिर पर चोट के निशान है। मामले में जांच की जा रही है। खजराना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शव मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस के मुताबिक मृतक की उम्र 50 साल है। जिसकी शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे है। उसके सिर पर चोट के निशान है। पुलिस को शंका है कि सिर पर भारी वस्तु मारकर उसे मौत के घाट उतारा गया है।

## पानी की मोटर को लेकर दंपति से मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** द्वारकापुरी में एक दंपति के साथ मारपीट का वीडियो सामने आया है। मारपीट करने वाले पड़ोसी है। बताया जाता है कि पानी की मोटर की बात को लेकर उनकी कहासुनी हुई थी। पुलिस ने शिकायत के बाद दंपति को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेजा है। मामले में जांच की जा रही है। द्वारकापुरी थाने से मिली जानकारी के मुताबिक मारपीट राजेश राठौर और उनकी पत्नी निवेदिता निवासी अहिरखेड़ी के साथ हुई है। पड़ोसी हरीशंकर चौधरी उनके बेटे शुभम और परिवार के अन्य लोगों ने दंपति को सड़क पर बुरी तरह से पीटा। राजेश ने पुलिस को बताया कि उन्होंने एक पुरानी पानी की मोटर एक माह पहले हरीशंकर से ली थी। जिसे उन्होंने सुधरवाकर काम में लेना शुरू कर दिया। हरीशंकर इस मोटर को वापस मांग रहा था। जिसमें राजेश ने रिपेयरिंग के रूपए भी मांगे। लेकिन हरीशंकर उसे नही दे रहा था। इस बात को लेकर शुक्रवार सुबह उनके बीच कहासुनी हुई। जिसमें हरिशंकर और उनके बेटे व परिवार के अन्य लोगों ने राजेश और उनकी पत्नी की पिटाई कर दी। पुलिस के मुताबिक राजेश और उसकी पत्नी निजी कंपनी में काम करते है। आरोपी हरीशंकर भी लोडिंग वाहन चलाता है।

## क्राइम ब्रांच की एडवाइजरी कंपनी पर कार्रवाई

### ◆ धार के युवक के साथ की थी ठगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। क्राइम ब्रांच ने विजयनगर इलाके में एडवाइजरी कंपनी पर छापामार कार्रवाई की है। यहां एक फ्लैट में यह कंपनी संचालित की जा रही थी। मामले में धार के युवक ने शिकायत की थी। जिसके बाद क्राइम ब्रांच ने मौके पर पहुंचकर सेबी द्वारा दिया जाने वाला लाइसेंस मांगा। लाइसेंस नहीं दिखा पाने पर पुलिस सभी को पकड़कर थाने लेकर आ गई।**

क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक होनेस्ट टेक्नालॉजी नाम से चल रही एडवाइजरी कंपनी पर गुरुवार को छापामार कार्रवाई की गई। कंपनी स्कीम नंबर 54 में कृष्णा बिजनेस सेंटर के फ्लैट नंबर 408 में संचालित की जा रही थी। आरोपी zoiper सॉफ्टवेयर के माध्यम से वर्चुअल कॉन्टैक्ट नंबर एवं फर्जी सिमकार्ड का उपयोग कर ग्राहकों को ठगने के लिए कॉल करते थे। छापामार कार्रवाई के दौरान क्राइम ब्रांच को कंपनी के पास कोई वैध रजिस्ट्रेशन नहीं मिला। जिसके बाद क्राइम ब्रांच ने 318(4), 316(5),3(5) BNSS के तहत मालिक अमित खंडूजा निवासी परदेशीपुरा उसके पार्टनर राहुल चौधरी निवासी देवास, मैनेजर महिपाल सिंह निवासी देवास और सूरज मालवीय निवासी MR 11 इंदौर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को लेकर बदनावर के आवेदक ऋषभ ने क्राइम ब्रांच में शिकायत की थी। जिसमें सेबी से रजिस्टर्ड होने के साथ QR कोड एवं UPI के माध्यम से ऑनलाइन पेमेंट इन्वेस्टमेंट के रूप में दिया। लेकिन बाद में नंबर बंद कर आरोपी से बात करना बंद कर दी। आरोपियों के पास से 18 मोबाइल , 6 लैपटॉप, 2 सीपीयू, फर्जी सिमकार्ड के माध्यम से प्राप्त जानकारी से ज्ञात हुआ कि आरोपी अमित MBA किया हुआ जो पहले प्राइवेट जॉब करता। वहीं उसका दोस्त BE इंजीनियर, मैनेजर महिपाल 12 वीं पास है एवं आरोपी सूरज b.com पास है जो पहले एडवाइजरी कंपनी में जॉब करता था। आरोपियों ने ठगी के लिए करीब 1 हजार लोगो से संपर्क किया था।

## 19 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** खजराना इलाके में एक 19 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना कृष्णबाग कॉलोनी की है, जहां दीपक बिजौरे नामक युवक ने अपने घर में आत्महत्या कर ली। बताया गया कि घटना के वक्त दीपक घर में अकेला था। उसका बड़ा भाई पवन जब काम से वापस घर पहुंचा, तो गेट खुला पाया। अंदर जाने पर कमरे का दरवाजा बंद मिला। जब दरवाजा खोला, तो उसने दीपक को फंदे से लटका हुआ देखा। पवन ने तुरंत उसे नीचे उतारा और निजी अस्पताल ले गया, जहां से उसे एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि दीपक के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पवन ने बताया कि दीपक का मोबाइल 10 दिन पहले टूट गया था और वह रिपेयर के लिए दिया गया था। परिवार में माता-पिता और एक छोटा भाई भी हैं, जो घटना के समय अपने-अपने काम पर गए हुए थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि दीपक ने आत्महत्या क्यों की।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मण्डलेश्वर में 1042.24 करोड़ रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण व शिलान्यास

## 982.59 करोड़ की महेश्वर-जानापाव उद्वहन सिंचाई परियोजना का शिलान्यास किया

◆ परियोजना का नाम माता अहिल्या बाई के नाम पर करने की घोषणा की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**महेश्वर, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का खरगोन जिले के मण्डलेश्वर का दौरा क्षेत्र के लोगों के लिए अनेक सौग़ातें लेकर आया। यहाँ आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने ना केवल महेश्वर-जानापाव उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना का शिलान्यास किया वरन विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महेश्वर-जानापाव उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना का नाम माता अहिल्या बाई के नाम पर करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न विकास कार्यों हेतु 1042.24 करोड़ रूपए की लागत के कुल 27 कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास कर क्षेत्रवासियों को सौगात दी। उन्होंने किसानों, महिलाओं, बेरोज़गारों को रोज़गार दिलाने के सरकार के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में लगभग 02 लाख अस्थायी पंप धारक किसानों को 03 हॉर्स पावर से लेकर 7.5 हॉर्स पावर तक के सोलर पंप खरीदने में सरकार सहायता प्रदान करेगी। इसमें किसानों को केवल 10 प्रतिशत राशि का भुगतान करना होगा। इसी प्रकार नारी सशक्तिकरण की दिशा में नई योजना तैयार की गई है। इसके तहत प्रदेश की महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण सहित हर क्षेत्र में समर्थ बनाया जाएगा। उन्होंने शराब बंदी के लिए नीतिगत निर्णय का ज़िक्र करते हुए कहा कि हमने तय किया है कि राज्य धीरे-धीरे शराबबंदी की तरफ बढ़े, इस क्रम में निर्णय किया गया है। पहले चरण में प्रमुख धार्मिक नगरों में शराब दुकानें बंद की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने इन दिनों रिजनल इंडस्ट्री समिट के माध्यम से उद्योगों के स्थापना की दिशा में बड़ा काम किया है। इससे रोजगार की चाहत रखने वाले युवाओं को लगभग तीन लाख रोजगार के अवसर मिलेंगे।

शिलान्यास के 7 कार्यों की लागत 994.72 करोड़ रूपए एवं लोकार्पण के 20 कार्यों की लागत राशि 47.52 करोड़ रूपए शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महेश्वर-जानापाव माईक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना लागत 982.59 करोड़ रूपये का शिलान्यास किया। इसी प्रकार अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावास कसरावद लागत 4.04 करोड़ रूपए, अनुसूचित जनजाति यूनियर बालक छात्रावास कालधा लागत 4.04 करोड़ रूपए, कन्या शिक्षा परिसर महेश्वर 1750 मीटर एप्रोच रोड कार्य की लागत 3.06 करोड़ रूपए, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय खरगोन 280 मीटर एप्रोच रोड लागत 0.47 करोड़ रूपए, रिटनिंगलवाल निर्माण कार्य वार्ड क्रमांक 7 राज्य वित्त आयोग कार्य लागत 0.27 करोड़ रूपए एवं वाटर बॉडी परियोजना इंटेकवेल के पास नर्मदा तट का सुदृढ़ीकरण एवं पुनरूद्धार-अमृत 2.0 कार्य लागत 0.25 करोड़ रूपये के कार्यों का शिलान्यास किया गया।

इसी प्रकार लोकार्पण कार्यों में भीकनगांव में संयुक्त तहसील कार्यालय भवन की लागत 6.40 करोड़ रूपए, बड़वाह में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय भवन लागत 1.31 करोड़ रूपए, मोहनपुरा में नवीन उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय भवन का निर्माण कार्य लागत 5.71 करोड़ रूपए, नागझिरी में आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास का निर्माण लागत 4.08 करोड़ रूपए, बरूड़ में आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास का निर्माण लागत 4.02 करोड़ रूपए, खरगोन जिले के मातापुरा में उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय भवन में 06 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य लागत 2.72 करोड़ रूपए, डोगरगांव में उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय भवन में 06 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य लागत 2.70 करोड़ रूपए, ऊन में उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय भवन में 06 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य लागत 2.63 करोड़ रूपए, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय झिरन्या अंतर्गत ऑडिटोरियम भवन कार्य लागत 2.00 करोड़ रूपए, खरगोन के शासकीय पीजी महाविद्यालय में 06 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य लागत 3.87 करोड़ रूपए, भीकनगांव में शासकीय महाविद्यालय में 06 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य लागत 3.87 करोड़ रूपए, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के कार्यालय का नवीन भवन लागत 1.25 करोड़ रूपए, म्हारो मण्डलेश्वर वॉल सेल्फी प्वाईन्ट विशेष निधि लागत 0.26 करोड़ रूपए, ऑफिस बिल्डिंग एक्स्टेंशन कार्य वार्ड क्रमांक 01 मुख्यमंत्री शहरी अधोहसंरचना विकास योजना चतुर्थ चरण कार्य लागत 0.24 करोड़ रूपए, पार्क निर्माण/ग्रीन स्पेस परियोजना-अमृत 2.0 कार्य लागत 0.14 करोड़ रूपए, भवानी माताजी के मंदिर से बीएसएनएल ऑफिसर तक सीसी रोड कार्य लागत 2.99 करोड़ रूपए, आश्रय स्थल कालीदास मैदान कार्य लागत 0.57 करोड़ रूपए, वार्ड क्रमांक 2, 14 एवं 09 में बीटी एवं सीसी रोड निर्माण कार्य लागत 0.82 करोड़ रूपए, वार्ड कंमांक 10, 12, 14, 1, 5, 2 में सीसी रोड निर्माण कार्य लागत 0.94 करोड़ रूपए तथा महेश्वर में सामुदायिक सुविधाओं का विकास कार्य की लागत 1.00 करोड़ रूपए शामिल हैं।




### 3 जिले के 123 गांवों में सिंचाई के लिए पहुंचेगा नर्मदा का पानी

नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की 982 करोड़ 59 लाख रुपये की महेश्वर-जानापाव उद्वहन सिंचाई परियोजना के पूर्ण होने पर खरगोन जिले की महेश्वर, धार जिले की पीथमपुर एवं इंदौर जिले की महू तहसील के कुल 123 ग्रामों के किसानों के खेत में सिंचाई के लिए नर्मदा का जल पहुंचेगा। इससे इन गांवों के किसानों का कृषि उत्पादन बढ़ेगा और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कार्यक्रम को खेल युवा कल्याण एवं सहकारिता मंत्री एवं खरगोन जिले के प्रभारी मंत्री श्री विश्वास सारंग, सांसद श्री गजेंद्र सिंह पटेल ने भी संबोधित किया। स्वागत भाषण विधायक राजकुमार मेव ने दिया।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया केलेन्डर का विमोचन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जन्म जयंती के अवसर पर जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद जिला खरगोन की ओर से वर्ष 2025 का केलेण्डर का विमोचन किया गया। केलेण्डर में मुख्यमंत्री जी के द्वारा दशहरा पर्व पर मातुश्री की राजगादी पर किये गये पुष्प अर्पण और शस्त्र पूजन के चित्र प्रदर्शित किये गये हैं। शिव भक्तिनी मॉ अहिल्यादेवी होल्कर की शाही पालकी तथा उनके द्वारा किये गये पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं मॉ अहिल्या के माता पिता, मातुश्री का जन्म स्थल तथा उनके पति एवं पूजा के स्थल के चित्र शामिल किए गये हैं। कैलेण्डर में मॉ अहिल्या देवी जी द्वारा जारी की गई मुद्राएं, शस्त्र और शास्त्र के साथ उनकों राज कार्य करते हुए दर्शित किया गया है। साथ ही कैलेण्डर में महेश्वर किला एवं घाट के विहंगम दृश्य एवं निमाड उत्सव के चित्रों की प्रस्तुति की गई है।

### देवी मॉ अहिल्या बाई की जीवनी पर आधारित बुक लेट का भी विमोचन किया

पुण्य श्लोका देवी अहिल्याबाई के यशस्वी जीवन पर आधारित गौरव गाथा के सबंध में जिला प्रशासन की भावपूर्ण प्रेरक प्रस्तुति के रूप में तैयार की गई पुस्तिका का ऐतिहासिक पलों के बीच मुख्यमंत्री जी एवं मंत्री परिषद् के सदस्यों की उपस्थिति में विमोचन किया गया। गौरव गाथा के निर्माण में अपनी प्रतिभा, प्रज्ञा, साधना और श्रम से संघर्षमय परिस्थितियों में अपनी और अपने देश के स्वाभिमान की रक्षा के लिये लोकमाता अहिल्याबाई ने सबलानारी होने का प्रमाण दिया है। लोकमाता का चरित्र देश की तरूणाई के लिए प्रेरणादायक रहा है। वे करूणारूपी, प्रजावत्सला राजमाता किसी देवी के अवतार के रूप थी। बचपन से ही धर्म के प्रति उनमें अगाध श्रद्धा और दृढता का भाव रहा है।

एक भारतीय वीर नारी की भाँति उन्होंने जिम्मेदारी का निर्वहन किया। वह झंझावतो से डटी रही, नारी जागरण के लिए अग्रदूत बनकर आई। होल्कर वंश की इन दीपशिखा का प्रकाश सदियों से जगमगाता रहा है और जगमगाता रहेगा। भारतीय इतिहास में मॉ साहेब के नाम से अमर है। शस्त्र और शास्त्र दोनों विधाओं में कुशल देवी माँ का यश रेवा के जल की तरह उज्जवल निर्मल विमल और धवल है। पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन खरगोन द्वारा संकलित की गई यह बुकलेट कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क प्रदाय की जा रही है। जो छात्र छात्राओं के लिए प्रेरणादायी सिद्ध होगी। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, नगरीय विकास एवं आवास तथा संसदीय कार्य मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, मंत्री श्री नागर सिंह चौहान, श्री सुमेर सिंह सोलंकी, श्री ज्ञानेश्वर पाटिल, श्रीमती कविता पाटीदार, श्री बालकृष्ण पाटीदार, श्री सचिन बिरला सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। आरम्भ में बालिका पूजन हुआ और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

---

## ग्वालियर से इंदौर लौट रहे कारसवार परिवार के साथ लूट

# जूते, टी-शर्ट, जैकेट, चड्डी-बनियान तक ले गए

**सारंगपुर (राजगढ़), एजेंसी। ग्वालियर से इंदौर जा रहे कार सवार परिवार के साथ सारंगपुर में लूट हो गई। शुक्रवार तड़के करीब पौने चार बजे तीन नकाबपोश बदमाश लट्ठा से हमला कर 12 हजार रुपए, दो तोला सोने के आभूषण, बैग में रखे जूते, टी-शर्ट, जैकेट, चड्डी-बनियान तक ले गए।**



इंदौर के गीता भवन निवासी आदेश सिंह ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ ग्वालियर में एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। कार में तीन पुरुष, एक महिला और दो बच्चे सवार थे। हाईवे पर ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास उनकी कार का टायर पंक्चर हो गया। जैसे ही वे टायर बदलने लगे, तीन नकाबपोश बदमाशों ने लाठियों से हमला कर दिया। लूटे गए गहनों में हार, टॉप्स और मंगलसूत्र हैं। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा और एसडीओपी अरविंद सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस को शक है कि घटना स्थल के पास स्थित देवकुआं क्षेत्र की दरगाह पर जमा होने वाले नशेड़ियों ने यह वारदात की है। पुलिस ने केस दर्ज कर संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है। जिस परिवार के साथ लूट हुई है, वह आरएसएस से जुड़ा है। घटना के कुछ देर बाद बड़ी संख्या में आरएसएस के कार्यकर्ता थाने में इकट्ठा हो गए थे।

# मामा ने तीर चला कर की भांजे की हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल, एजेंसी।** शहडोल जिले के सीधी थाना क्षेत्र के आदिवासी बाहुल्य रिमार ग्राम पंचायत के डोगरा टोला में मामा-भांजे के बीच हुए विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया। शुक्रवार शाम 5 बजे के करीब मामा बिहारी बैगा (45) ने भांजे दलेश बैगा (32) के सीने में धनुष-तीर मारकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि घटना से पहले दोनों ने साथ भोजन और शराब का सेवन किया था। विवाद के दौरान भांजा कमरे से बाहर भागने लगा, लेकिन मामा ने धनुष उठाकर तीर चला दिया, जिससे भांजे की मौके पर ही मौत हो गई। सीधी थाना प्रभारी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि हत्या के पीछे का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।



घटना के तुरंत बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। मृतक दलेश बैगा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, और तीर को डॉक्टर ने मृतक के सीने से बाहर निकाला है। थाना प्रभारी के अनुसार, हत्या के पीछे का कारण जानने और आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस जांच में जुटी है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## संपादकीय

# भारतीय क्यों छोड़ रहे हैं अपनी नागरिकता

अमेरिका, कनाडा जैसे देशों में भारतीय बड़ी संख्या में बस रहे हैं। वजह यह है कि इन देशों में गए भारतीय अपनी भारत की नागरिकता छोड़ रहे हैं। वर्ष 2023 में भारतीय नागरिकता छोड़ने वालों की संख्या 2 लाख के पार पहुंच चुकी थी। बीते कुछ बर्षों से भारतीयों के नागरिकता छोड़ने में बड़ा इजाफा हो रहा है। बस कोरोना महामारी के दौर में इसमें गिरावट आई थी, मगर उसके बाद से ये लगातार बढ़ रही है। आप सोच रहे होंगे कि आखिर ये चर्चा अभी क्यों? दरअसल, हाल ही में अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप गैरकानूनी तरीकों से अमेरिका आ रहे लोगों पर लगाम लगाने की तैयारी में हैं। साथ ही अमेरिका की आव्रजन नीति और सख्त करने जा रहे ट्रंप को लेकर यह सवाल भी उठ रहा है कि आखिर, भारतीय अपना वतन क्यों छोड़ रहे हैं? क्या वजह है कि इसमें इजाफा ही हो रहा है। जानते हैं पूरी बात। भारतीय अपनी नागरिकता लगातार छोड़ रहे हैं। यह संख्या पिछले कुछ सालों में लगातार बढ़ रही है। भारतीयों के नागरिकता छोड़ने की कई बड़ी वजहें हैं। जिनमें विदेशों में अच्छी सैलरी और बेहतर काम करने का माहौल का होना, विदेशों में हायर एजुकेशन का स्तर भारत के मुकाबले ज्यादा होना, अपने देश में अपराध दर का बढ़ना या देश में व्यावसायिक अवसरों की कमी का होना है। इसके अलावा, भारत की एकल नागरिकता का प्रावधान और दोहरी नागरिकता न होना भी अहम वजह है। भारतीय अपनी नागरिकता छोड़कर अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, यूके, जर्मनी, थाईलैंड, सिंगापुर, मलेशिया, पेरू, नाइजीरिया, जांबिया जैसे देशों में बस रहे हैं। कुछ भारतीय पाकिस्तान और चीन में भी अपनी नागरिकता छोड़कर बस रहे हैं। हर साल करीब डेढ़ लाख भारतीय अपने देश की नागरिकता छोड़ रहे हैं। भारत की नागरिकता छोड़कर इन लोगों ने 135 देशों की नागरिकता हासिल की है। इनमें अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया जैसे बड़े देशों से लेकर थाईलैंड, मलेशिया, पेरू, नाइजीरिया और जांबिया जैसे छोटे देश भी शामिल हैं। इनमें से अधिकतर लोग रोजगार के चलते ही भारत की नागरिकता छोड़े हैं।

अगर आप एथनिक लुक कैरी करने वाली हैं तो तिरंगा इंस्पायर्ड चूड़ियां कैरी कर सकती हैं। इससे न केवल आप बल्कि आपके हाथ भी बेहद खूबसूरत लगेंगे। तो आज की इस खबर में हम आपको कुछ बैंगल्स की तस्वीरें दिखाने जा रहे हैं, जिसे आप इस गणतंत्र दिवस पर ट्राय कर सकती हैं। आइए एक नजर डालते हैं...

## गणतंत्र दिवस पर ऑफिस में पहनकर जाएं

# ये तिरंगा चूड़ियां, खूबसूरत लगेंगे हाथ, नहीं हटेगी नजर

26 जनवरी के दिन हर को देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आता है। इस साल भारत अपना 76वां गणतंत्र दिवस मनाएगा। इस दिन हर तरफ रौनक बिखरी रहती है। भारत का हर नागरिक इस दिन का बेसब्री से इंतजार करता है। स्कूल, कॉलेज और ऑफिस में हर कोई तिरंगा आउटफिट और तिरंगा इंस्पायर्ड लुक लेने की कोशिश करता है। ऐसे में अगर आप एथनिक लुक कैरी करने वाली हैं तो तिरंगा इंस्पायर्ड चूड़ियां कैरी कर सकती हैं। इससे न केवल आप बल्कि आपके हाथ भी बेहद खूबसूरत लगेंगे। तो आज की इस खबर में हम आपको कुछ बैंगल्स की तस्वीरें दिखाने जा रहे हैं, जिसे आप इस गणतंत्र दिवस पर ट्राय कर सकती हैं। आइए एक नजर डालते हैं...



### सिंपल बैंगल लुक

गणतंत्र दिवस के दिन अगर आप स्कूल या कॉलेज जा रही हैं या फिर कोई परफॉर्मेंस देने वाली हैं तो ये सिंपल बैंगल कैरी कर सकती है। इन चूड़ियों में तिरंगे के तीनों कलर देखने को मिलेंगे और यह काफी लाइट वेट में है। ऐसे में आप इसे ऑल व्हाइट सूट या ड्रेस के साथ पहन सकती हैं। इसे पहनकर आप बेहद खूबसूरत लगेंगी।



### फ्लावर डिजाइन बैंगल

अगर आप इस दिन कोई हैवी आउटफिट पहन रही हैं और हैवी ज्वेलरी की पहनना चाहती हैं तो आप यह फूल डिजाइन वाली चूड़ियां पहन सकती हैं। यह आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगा। और आपके हाथ भी काफी खूबसूरत लगेंगे। तो आप इसे ट्राय कर सकती हैं



### लटकन वाली चूड़ियां

इस गणतंत्र दिवस आप अपने आउटफिट के साथ यह लटकन वाली चूड़ियां भी पहन सकती हैं। इन दिनों यह काफी ट्रेंड कर रहा है और कोई इसे पहनकर फ्लॉन्ट भी कर रहा है। यह आपके हाथों के लिए भी आरामदायक साबित होगा और पहनने के बाद भी काफी हल्का ही महसूस होगा।



### मोती वाली चूड़ियां

मोती वाली चूड़ियां एक बार फिर ट्रेंड का हिस्सा बन गई है। तिरंगे के रंग की यह चूड़ियां काफी शाइन करती हैं और आपको हाथों को और खूबसूरत बना देती हैं। आप इसे ट्राय कर सकते हैं।

Uttarpradesh

# एनकाउंटर में 50 हजार का इनामी नईम ढेर, एक साल की बच्ची समेत पांच लोगों का किया था कत्ल

**मेरठ, (एजेंसी) उत्तर प्रदेश के मेरठ में पुलिस ने मुठभेड़ में 50 हजार के इनामी बदमाश को मार गिराया है। बदमाश नईम पर परिवार के पांच लोगों की हत्या करने वाला आरोप था। मेरठ के लिसाड़ी गेट थाना के समर गार्डन क्षेत्र में यह मुठभेड़ हुई है।**

जानकारी के अनुसार, मेरठ पुलिस ने लिसाड़ी गेट थाना इलाके में पांच हत्या के आरोपी बदमाश नईम को मुठभेड़ में मार गिराया है। शनिवार को तड़के तीन बजे लिसाड़ी गेट थाना इलाके में यह मुठभेड़ हुई है। पुलिस ने नईम पर 50,000 रुपये का इनाम रखा हुआ था।

नईम ने अपने सौतेले भाई राजमिस्त्री मोइन, पत्नी आसमा और उनकी तीन बेटियों की हत्या का मुख्य आरोपी था। अन्य राज्यों में भी नईम पर हत्या के मुकदमे दर्ज थे। लगातार मेरठ पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। बताया जा रहा है कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी बदमाश नईम समर गार्डन इलाके में दिखा है। इस पर पुलिस ने जाल बिछाया। जब पुलिस ने नईम को घेर लिया तो आरोपी नईम ने भागने का प्रयास किया। इस पर नईम ने पुलिस पर गोलियां चलाना शुरू कर दिया। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। गोली लगने से नईम घायल हो गया। घायल को अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने नईम को मृत घोषित कर दिया। मेरठ के लिसाड़ीगेट के सुहेल गार्डन में राजमिस्त्री मोईन उर्फ मोईनुद्दीन (52), उनकी पत्नी आसमा (45) और उनकी तीन बेटियां अफ्सा (8), अजीजा (4) और अदीबा (1) की पत्थर काटने वाली मशीन से गला काटकर निर्मम हत्या कर दी गई।




Maharashtra

# बर्थडे पार्टी से लौट रहे युवकों की कार खड़ी बस से टकराई, दो की मौके पर मौत

**पुणे, (एजेंसी)** पुणे के नवले पुल के पास आज सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जायजा लिया. पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है. हादसे की तस्वीरें दिल दहला देने वाली हैं. इस पूरे मामले की जांच की जा रही है.

जानकारी के अनुसार, यह हादसा सुबह करीब 5:30 बजे बाहरी रिंग रोड पर वडगांव ब्रिज के पास हुआ. यहां तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने सड़क किनारे खड़ी बस को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी. कार में छह युवक सवार थे, जो जन्मदिन की पार्टी से लौट रहे थे. हादसा इतना भीषण था कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. मृतकों के नाम की पुष्टि अभी नहीं हुई है.

हादसे में घायल हुए चार युवकों को तुरंत नवले अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें एक प्राइवेट अस्पताल में रेफर कर दिया गया. घायलों की पहचान 19 वर्षीय सोहम, 20 वर्षीय आयुष काटे, 19 वर्षीय अथर्व झेड़गे, 19 वर्षीय प्रतीक बंडगर और 19 वर्षीय हर्ष वरे के रूप में हुई है. डॉक्टरों के अनुसार, चारों घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है.

पुलिस के अनुसार, कार की तेज रफ्तार और ड्राइवर का नियंत्रण खो देना इस दुर्घटना की प्रमुख वजह हो सकती है. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सड़क किनारे खड़ी बस को देखकर कार ड्राइवर समय रहते रुक नहीं पाया, जिससे यह हादसा हुआ. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हादसे के कारणों की गहन जांच की जा रही है.

Jammu & Kashmir

## आतंकियों की कायराना करतूत... कठुआ में सेना के कैंप को बनाया निशाना, ताबड़तोड़ फायरिंग की

**जम्मू, (एजेंसी)** जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले के बिलावर इलाके के भटोडी और मुआर इलाके में आतंकियों ने देर रात सेना के कैंप पर फायरिंग की। सेना ने जवाबी कार्रवाई की। सेना के कैंप पर हमला करने वाले आतंकियों को ढेर करने के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। पूरे इलाके को घेराबंदी की गई है।

इससे पहले शुक्रवार को बीएसएफ पश्चिमी कमान के एडीजी सतीश खंडारे ने गणतंत्र दिवस से पूर्व कठुआ जिले में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया था।

उन्होंने बीएसएफ आउट पोस्ट बोबिया में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की और जवानों का हौसला बढ़ाया। गणतंत्र दिवस पर जवानों को आईबी पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। दरिया और नालों पर विशेष निगरानी रखने के लिए कहा। बीएसएफ ने हाल ही में जम्मू से लेकर कठुआ तक एंटी टनल ऑपरेशन चलाया। 33 किलोमीटर की अंतरराष्ट्रीय सीमा से घुसपैठ की आशंका को खत्म किया जा रहा है।

Paschim bangal

## भारत-बांग्लादेश सीमा पर पकड़ा गया तस्कर, BSF ने बरामद की 13 किलो चांदी

**24 परगना, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करी के प्रयास को विफल करते हुए बीएसएफ के जवानों ने 13.5 किलोग्राम चांदी बरामद की है और एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है. न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक घटना 23 जनवरी की है, जब बीएसएफ जवानों ने हकीमपुर चेक पोस्ट पर नियमित जांच के दौरान एक कार को रोका. तलाशी के दौरान ड्राइवर की सीट के नीचे एक भूरे रंग का पैकेट छिपा हुआ मिला. पैकेट खोलने पर उसमें से 13.5 किलोग्राम चांदी के आभूषण बरामद हुए, जिनकी बाजार में कीमत 10.16 लाख रुपये बताई जा रही है. पूछताछ के दौरान हिरासत में लिए गए व्यक्ति ने स्वीकार किया कि वह इन चांदी के आभूषणों को बांग्लादेश में तस्करी के लिए ले जा रहा था.



बीएसएफ ने आरोपी को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए विभाग को सौंप दिया है, जबकि तस्करी में इस्तेमाल की गई कार को जब्त कर लिया गया है. बीएसएफ के बयान में कहा गया कि सीमा पर तस्करी को रोकने के लिए जवान सतर्कता से काम कर रहे हैं. पिछले कुछ महीनों में कई तस्करी के मामलों को विफल किया गया है.

खेल

# 2024 की सर्वश्रेष्ठ वनडे टीम में भारत-ऑस्ट्रेलिया से कोई नहीं, पाकिस्तान-अफगानिस्तान के तीन-तीन खिलाड़ी

**दुबई, (एजेंसी)** साल 2024 में ज्यादा वनडे नहीं खेलने का भारत को एक और नुकसान हुआ है। आईसीसी की साल 2024 की सर्वश्रेष्ठ वनडे टीम में किसी भारतीय को जगह नहीं मिली है। शुक्रवार को आईसीसी ने टीम जारी की और इसकी कप्तानी श्रीलंका के चरिथ असलंका को सौंपी है। इस टीम में विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया का भी कोई खिलाड़ी नहीं है। यानी 2023 विश्व कप फाइनल खेलने वाली दोनों टीमों से कोई खिलाड़ी नहीं है।



### भारत ने साल 2024 में तीन वनडे खेले

आईसीसी की साल 2024 की सर्वश्रेष्ठ वनडे टीम में श्रीलंका के सबसे ज्यादा चार खिलाड़ी हैं। वहीं, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के तीन-तीन खिलाड़ियों को इस टीम में शामिल किया गया है। वेस्टइंडीज का सिर्फ एक खिलाड़ी इस टीम में है। आईसीसी की टीम में एशिया का दबदबा दिखा है। 11 में से 10 खिलाड़ी एशियाई हैं, जबकि शेरफेन रदरफोर्ड एकमात्र बाहरी खिलाड़ी हैं। भारतीय टीम ने साल 2024 में सिर्फ तीन वनडे खेले थे। इसमें से भी दो में टीम इंडिया को हार मिली थी। भारत ने ये तीनों वनडे कोच गौतम गंभीर की देखरेख में खेले थे।

**टीम में एशिया के बाहर का एक खिलाड़ी-** साल 2024 में 16 वनडे मैचों में असलंका ने 50.2 की औसत से 605 रन बनाए थे, जिसमें एक शतक और चार अर्धशतक शामिल हैं। श्रीलंका ने पिछले साल सबसे ज्यादा 18 वनडे मैच खेले और उनमें से 12 में जीत हासिल की। ओपनिंग की जिम्मेदारी पथुम निसांका और पाकिस्तान के सैम अयूब को दी गई है। मध्यक्रम में रहमनुल्लाह गुरबाज, खुद कप्तान असलंका और कुसल मेंडिस हैं। वेस्टइंडीज से एकमात्र खिलाड़ी रदरफोर्ड हैं, जो कि एक ऑलराउंडर हैं। इसके अलावा ओमरजई के रूप में टीम में एक पेस बॉलिंग ऑलराउंडर भी है। स्पिन की जिम्मेदारी वानिंदु हसरंगा और गजनफर के हाथों में दी गई है। वहीं, शाहीन अफरीदी और रऊफ के रूप में टीम में विशेषज्ञ तेज गेंदबाज हैं। 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने वाले रदरफोर्ड ने पिछले साल नौ मैचों में 106.2 की औसत से 425 रन बनाए थे।

### 2024 के लिए आईसीसी पुरुष वनडे टीम ऑफ द ईयर

चरिथ असलंका (कप्तान) (श्रीलंका), सैम अयूब (पाकिस्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (अफगानिस्तान), पथुम निसांका (श्रीलंका), कुसल मेंडिस (विकेटकीपर) (श्रीलंका), शेरफेन रदरफोर्ड (वेस्टइंडीज), अजमतुल्लाह ओमरजई (अफगानिस्तान)), वानिंदु हसरंगा (श्रीलंका), शाहीन शाह अफरीदी (पाकिस्तान), हारिस रऊफ (पाकिस्तान), एएम गजनफर (अफगानिस्तान)।

सिनेमा

# ममता कुलकर्णी बनीं किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर, मिला नया नाम, महाकुंभ में किया अपना पिंडदान




बॉलीवुड एक्ट्रेस ममता कुलकर्णी किन्नर अखाड़े में महामंडलेश्वर बन गई हैं. 24 जनवरी की शाम ममता संगम पर अपना पिंडदान किया. इसके बाद किन्नर अखाड़े में उनका पट्टाभिषेक हुआ. ममता ने किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महाराज, जूना अखाड़े की महामंडलेश्वर स्वामी जय अम्बानंद गिरी के साथ मुलाकात भी की. आजतक ने महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी से इस बारे में बात की थी. किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर लक्ष्मी त्रिपाठी ने ममता कुलकर्णी के बारे में बात की थी. उन्होंने कहा था- पिछले 2 सालों से ममता हमारे सम्पर्क में थीं. वह सनातन से जुड़ना चाहती थीं. वह पहले जूना अखाड़े में शिष्या थीं. फिर हमारे सम्पर्क में आईं. फिर उन्होंने पद की मांग की. उन्होंने कहा कि उन्हें महामंडलेश्वर बनना है. फिर हमने बताया कि यह सब करना होता है. संगम में ममता कुलकर्णी ने अपना पिंडदान किया. इसमें उन्होंने फूलों से सजी एक थाल में दीया रखकर उनसे गंगा में प्रवाहित किया. इसके बाद एक्ट्रेस ने उन्होंने पवित्र जल में डुबकी लगाई. मीडिया से बातचीत में ममता कुलकर्णी ने कहा- महादेव, मां काली और मेरे गुरु का ये आदेश था. ये सब उन्होंने डिसाइड किया था.

Highlights

1. Himachal Pradesh celebrates 55th Statehood Day
2. 2 French cyclists follow Google Maps to go to Nepal, get stranded in UP
3. How mediator-doctor nexus in kidney racket preyed on poor women
4. Women centric DBT schemes' Tsunami can bleed finances: SBI report
5. Keeping an eye: India as Pakistan's spy agents visit Bangladesh

# Adani Green appoints independent law firms to review US indictment: Report



**NEW DEIHI, (Agency).** India's Adani Green has appointed independent law firms to review the U.S. indictment of founder Gautam Adani and top Adani Green executives of paying $265 million in bribes for power contracts, it said late on Thursday.

In November, U.S. authorities indicted Adani, his nephew and Executive Director Sagar Adani and Managing Director Vneet S. Jaain, alleging that they paid bribes to secure Indian power supply contracts, and misleading U.S. investors during fundraises there.

The Adani Group has denied the charges, calling them "baseless."

Adani Green did not mention the names of the law firms or any other details.


The company has not been named as a defendant in the indictment and civil complaint and confirmed that it had made all appropriate disclosures in the past including in bond offering circulars, it said.

The management of Adani Green continues to assert the company's compliance of applicable laws and regulations, it added.

# Salad startup founder writes 3 am note from Bengaluru kitchen: 'From dream to nightmare'

**NEW DEIHI, (Agency).** A food startup founder shared a raw and 'honest' post on Grapevine, detailing his six-year journey from a small kitchen in Galleria, Gurgaon, to operating 78 cloud kitchens across India. The post, captioned "I'm writing this from our Bangalore central kitchen at 3 AM, looking at next month's projections, and for the first time in 6 years I'm scared," offers a sobering look at the challenges of scaling too quickly and becoming dependent on third-party platforms. The founder's journey began in 2018, when he was working in a tech job in Gurgaon, frustrated by the lack of healthy food options in the city. "Every salad was either wilted lettuce drowning in mayo or overpriced fancy leaves that didn't fill you up," he shared. This frustration led him to start making fresh, wholesome salads for himself and his coworkers. What began as a simple solution to his own problem quickly blossomed into a full-fledged business.

Starting from humble beginnings, he rented a 180-square-foot basement kitchen in Galleria Market for Rs. 28,000 a month. With just Rs. 8 lakh in savings, he invested in basic equipment and began offering eight salad varieties. "The unit economics were terrible to say the least," he admitted, highlighting how the initial daily orders of just 12–15 salads barely covered the costs. Despite the challenges, the business took off as customers appreciated the fresh ingredients and generous portions. "People loved our portions and fresh ingredients. Reviews started pouring in about how we were different — no wilted vegetables, no dry chicken, no drowning in dressings." By 2019-2020, the business had grown to 180-200 daily orders, and the unit economics improved. "The unit economics improved with scale," the founder reflected, noting that they had introduced premium items, struck better deals with suppliers, and managed costs more efficiently. Orders jumped even further as the pandemic hit, with demand for healthy meals soaring. "While others shut down, we exploded," he shared.




**Visit our website & Submit your Query...**
**Team will contact you within 24 hrs...**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक